## ।। कार्यालय–नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला टिहरी गढ़वाल ।।

## दरें आमंत्रण सूचना (आउट सोर्सिंग)

नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला टिहरी गढ़वाल द्वारा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रॉक्योरमन्ट) (संशोधन) नियमावली–2017 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–2026 एवं 2026–2027 हेतु 11–11 माह की अवधि 01–04–2025 से 31–01–2027 के लिये वाह्य स्रोत से आउटसोर्सिंग पर निम्नलिखित सेवाओं हेतु केन्द्रीय/राज्य एवं सेवाकर विभाग में सेवाओं की आपूर्ति बावत पंजीकृत इच्छुक ठेकेदारों/फर्मो/ऐजेन्सियों से की अलग–अलग मोहरबन्द निविदायें **(Double bid system)** के अन्तर्गत कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला में दिनांक 15–03–2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ऑनलाईन ई–निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। जो कि उसी दिन सायं 3:00 बजे निविदा/क्रय समिति के द्वारा निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। **तकनीकी बिड** में सफल निविदादाओं की ही **वित्तीय बिड** द्वितीय चरण में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र पालिका कार्यालय, मुनिकीरेती व www.uktenders.gov.in पर दिनांक 15–03–2025 तक सायं 12:00 बजे तक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 5000.00+18 प्रतिशत GST सहित कुल रू. 5900.00 कार्यालय में नगद/बैक ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्मिकों की आपूर्ति की विस्तृत सूचना एवं अन्य निविदा शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न हैं। जो कि कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस व www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। निविदाओं की **"तकनीकी भाव पत्र"(Technical Bid)** की हार्ड कापी दिनांक 15–03–2025 को पालिका कार्यालय में 01:00 बजे तक जमा कराना अनिवार्य है, निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, निविदा समिति को होगा। भविष्य में उक्त निविदा की शर्तें हटायी या जोड़ी जाती है, या कोई भी बदलाव किया जाता है, तो www.uktenders.gov.in देखी जा सकती हैं।

(अंकिता जोशी)
अधिशासी अधिकारी

(नीलम बिजल्वाण)
अध्यक्ष

## ।। कार्यालय–नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाला टिहरी गढ़वाल ।।

पत्रांक 1066 /आउटसोर्सिंग–24–25 दिनांक 06/03 /2025

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल ।
2. उप जिलाधिकारी नरेन्द्र नगर टिहरी गढ़वाल ।
3. सहायक श्रमायुक्त, श्रम विभाग देहरादून।
4. कोषाधिकारी नरेन्द्र नगर टिहरी गढ़वाल एवं सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग मुनिकीरेती को इस आशय से प्रेषित कि निविदा खोलने हेतु उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें ।
5. नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश।
6. कार्यालय नोटिस बोर्ड ।
7. सम्पादक दैनिक राष्ट्रीय सहारा एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र के आगामी अंक में न्यूनत्तम साईज में प्रकाशित करवाकर वीजक दो प्रति में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती–ढालवाल,



Scanned with CamScanner